http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 41

प्रयागराज शनिवार 26 अक्टूबर 2024

पृष्ठः- 4, मूल्यः- एक रूपया

## ‘राजधानी की हवा सबसे खराब’



● सीजेआई बोले- प्रदूषण के चलते टहलना ही कर दिया बंद

नई दिल्ली,(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, वायु प्रदूषण गंभीर समस्या है। मेरे डॉक्टर ने मुझे सुबह सैर पर निकलने से बचने की सलाह दी है, क्योंकि सांस संबंधी बीमारियों से बचने के लिए घर के अंदर रहना ही बेहतर है। हवा की दिशा बदलने से बृहस्पतिवार को राजधानी के वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में कमी आई और एक्यूआई 306 दर्ज किया गया। बुधवार की तुलना में 58 अंकों की गिरावट के बावजूद एनसीआर में दिल्ली हवा सबसे खराब रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि शुक्रवार को एक्यूआई खराब श्रेणी में रह सकता है। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते उन्होंने सुबह टहलना बंद कर दिया है। राजधानी में रोहिणी, द्वारका, मुंडका व बवाना में एक्यूआई 400 के पार रहा, जो गंभीर श्रेणी है। आनंद विहार, वजीरपुर, जहांगीरपुरी, विवेक विहार सहित 25 इलाकों में हवा बेहद खराब व डीटीयू, नरेला में हवा खराब श्रेणी में दर्ज की गई। सांस संबंधी बीमारियों से बचने के लिए घर में ही रहने की सलाह... सुप्रीम कोर्ट में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, वायु प्रदूषण गंभीर समस्या है। मेरे डॉक्टर ने मुझे सुबह सैर पर निकलने से बचने की सलाह दी है, क्योंकि सांस संबंधी बीमारियों से बचने के लिए घर के अंदर रहना ही बेहतर है। उन्होंने कहा, बृहस्पतिवार से मैंने सुबह की सैर पर जाना बंद कर दिया है। बस मार्शल बहाल, करेंगे प्रदूषण की रोकथाम नौकरी बहाली की मांग को लेकर लंबे समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे बर्खास्त बस मार्शल बहाल कर दिए गए हैं। चार माह तक वे वायु प्रदूषण की रोकथाम में मदद करेंगे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस मामले में मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखा है। साथ ही, कहा कि मुख्यमंत्री नियमों के तहत इनकी भर्ती के लिए उचित कार्रवाई करें।

### जर्मन चांसलर रॉबर्ट हाबेक से मिले प्रधानमंत्री मोदी, बोले....

## हमारा रिश्ता सहयोग-विश्वास का है

● पीएम बोले- हम शांति के लिए हर संभव योगदान देने को तैयार

● पीएम मोदी बोले- प्रतिभा, तकनीक भारत के विकास के औजार, जर्मन चांसलर ने कहा- अधिक सहयोग की आवश्यकता

● दुनिया की स्थिरता, भरोसे और पारदर्शिता का मजबूत आधार है भारतः मोदी


नयी दिल्ली,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया की स्थिरता, सातत्य, भरोसे और पारदर्शिता का मजबूत आधार बताते हुए जर्मनी के उद्योग जगत का भारतीय प्रतिभा एवं नवान्वेषण को अपनाने और विश्व के बेहतर भविष्य के लिए योगदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया। श्री मोदी ने यहां जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और वाइस चांसलर डॉक्टर रॉबर्ट हाबेक की मौजूदगी में एशिया–पैसिफिक कांफ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने हर कदम, हर मोर्चे पर भारत और जर्मनी की दोस्ती के गहरे होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, ”ये साल, भारत–जर्मनी रणनीतिक साझीदारी का 25वाँ वर्ष है। अब आने वाले 25 वर्ष, इस साझीदारी को नई बुलंदी देने वाले हैं। हमने आने वाले 25 वर्षों में विकसित भारत का एक रोडमैप बनाया है। मुझे खुशी है कि ऐसे महत्वपूर्ण समय में जर्मन कैबिनेट ने फोकस ऑन इंडिया डॉक्यूमेंट रिलीज किया है। विश्व की दो सशक्त लोकतंत्र, विश्व की दो शीर्ष अर्थव्यवस्थाएं, साथ मिलकर कैसे विश्व कल्याण की शक्ति बन सकती हैं, फोकस ऑन इंडिया डॉक्यूमेंट में उसका ब्लू प्रिंट है। इसमें रणनीतिक साझीदारी को समग्रता से आगे बढ़ाने की कार्यशैली और प्रतिबद्धता साफ दिखती है। खासतौर पर भारत की कुशल श्रमशक्ति पर जर्मनी ने जो भरोसा जताया है, वो अद्भुत है।“ श्री मोदी ने कहा, ”जर्मनी ने कुशल भारतीयों के लिए हर वर्ष मिलने वाले वीजा की संख्या, 20 हजार से बढ़ाकर 90 हजार करने का फैसला किया है। मुझे विश्वास है कि इससे जर्मनी की तरक्की को नई गति मिलेगी।“ उन्होंने कहा कि हमारा आपसी व्यापार 30 अरब डॉलर से अधिक के स्तर पर पहुँच चुका है। आज एक तरफ सैकड़ों जर्मन कम्पनियां भारत में हैं, तो वहीं भारतीय कंपनियां भी तेजी से जर्मनी में अपनी उपस्थिति बढ़ा रही हैं। आज भारत विविधता और जोखिम मुक्त सबसे बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। भारत वैश्विक कारोबार एवं विनिर्माण का भी हब बन रहा है। ऐसे में आपके लिए मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड का, ये सबसे उपयुक्त समय है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ और एशिया प्रशांत क्षेत्र के बीच संबंध मजबूत करने में एशिया प्रशांत सम्मेलन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लेकिन वह इस मंच को सिर्फ कारोबार और निवेश के सीमित दायरे में ही नहीं देखते हैं।



“भारत–जर्मनी की दोस्ती ने पकड़ी नई रफ्तार, कई समझौतों का हुआ आदान–प्रदान”

## जलवायु परिवर्तन पर प्रभावी कार्रवाई और सहयोग का सीतारमण ने किया आह्वान

वाशिंगटन ,(एजेंसी)। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यहां यूएनएफसीसीसी और पेरिस समझौते पर विकसित और विकासशील देशों के बीच जलवायु परिवर्तन पर प्रभावी वैश्विक कार्रवाई और सहयोग का आह्वान किया, जिसमें समानता और साझा लेकिन अलग अलग जिम्मेदारियों और संबंधित क्षमताओं के सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए। श्रीमती सीतारमण ने यहां विश्व बैंक और



अतंरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठक के इतर वित्त, जलवायु एवं पर्यावरण, तथा विदेश मामलों के मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की जी–20 संयुक्त बैठक में भाग लिया। महत्वाकांक्षी जलवायु कार्रवाई को प्राप्त करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ब्राजील को बधाई देते हुए श्रीमती सीतारमण ने कहा कि भारत टास्कफोर्स के काम का समर्थन करता है जिसने जलवायु कार्रवाई पर जी–20 भारतीय अध्यक्षता के काम को आगे बढ़ाया है और बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को बेहतर, बड़ा और अधिक प्रभावी बनाया है। उन्होंने विकासशील देशों को उचित लागत पर वित्तीय संसाधनों और प्रौद्योगिकियों तक अधिक पहुँच प्रदान करके वैश्विक प्रयासों को दिशा देने के साथ–साथ विकासात्मक प्राथमिकताओं और जलवायु कार्रवाई के बीच संतुलन की मांग की। उन्होंने नए सामूहिक परिमाणित लक्ष्य को तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया, जो विकासशील देशों की जरूरतों को वित्त के प्रावधान में विकास–अवरोधक शर्तों के अधीन किए बिना पूरा करता हो।

## सीएम योगी ने जिले को स्टेडियम समेत मेडिकल कॉलेज की सौगात दी, 260 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

● महराजगंज चौक पर लगी बाबा गंभीरनाथ की प्रतिमा, मुख्यमंत्री योगी ने 940 करोड़ के निवेश की घोषणा की

फरेन्दा,(एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को महराजगंज के दौरे पर हैं। महराजगंज चौक पर लगी बाबा गंभीरनाथ की मूर्ति का अनावरण किया। जिसके बाद वहां छात्राओं से भी मुलाकात की और उन्हें चॉकलेट भी बांटी। जिले के मिनी गोरक्षनगरी चौक बाजार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने जिले को यह सौगात दी। चौक नगर पंचायत के कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता राशि देने के साथ चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। सीएम ने जनता को संबोधित करते हुए कहा ष्सरकार अपने स्तर पर कार्य कर रही है...विकास और रोजगार के अवसर खोलने के अनेक कार्यक्रम चल रहे हैं। इसमें केवल सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं है। हमारे स्थानीय निकाय की समितियों का, ग्राम पंचायतों और आम नागरिकों की क्या भूमिका इसमें हो सकती है यह आज हम सबके लिए एक विचारनीय प्रश्न होना चाहिए। वे जनपदवासियों को 940 करोड़ रुपए की 503 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा लगभग पांच घंटे का है। इस दौरान वे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। चौक बाजार में सबसे ज्यादा समय बिताएंगे मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ सबसे अधिक समय गोरक्षनगरी चौक बाजार में बिताएंगे। प्रोटोकॉल के अनुसार, उनका हेलीकॉप्टर सुबह सबसे पहले चौक नगर पंचायत के दिग्विजय नाथ इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर में बने हेलीपैड पर उतरेगा। यहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया जाएगा। 5 पाइंट में जानिए सीएम का कार्यक्रम स्वागत के बाद सीएम दिग्विजय नाथ बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम और चौक बाजार का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे योगीराज गंभीर नाथ की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री नगर पंचायत कार्यालय का भ्रमण करेंगे और वहां कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। यहां कई विकास कार्यों का भी शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी गोरखनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे, इसके बाद वे सोनाड़ी देवी मंदिर में भी पूजा करेंगे।



“विकास और रोजगार के अवसर खोलने के अनेक कार्यक्रम चल रहे हैंः योगी”

## पश्चिमी देशों में अशांति के पीछे रूस का हाथ होने के आरोप बेबुनियादः पुतिन

कजान,(एजेंसी)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान कहा कि रूस पर ये आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं कि कुछ पश्चिमी देशों में अशांति के पीछे उसका हाथ है। श्री पुतिन ने कहा, ”आज संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पूछा गया कि क्या कुछ पश्चिमी देशों की राजधानियों में अशांति के पीछे हमारा हाथ है, जो पूरी तरह से बेबुनियाद आरोप है।“ उन्होंने कहा कि रूस टकराव नहीं चाहता है, बल्कि वह अपनी राह पर चल रहा है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन



22–24 अक्टूबर को कजान में आयोजित किया गया। इस वर्ष रूस ने एक जनवरी, 2024 को ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली। इस सम्मेलन में, रूस 200 से अधिक राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। रूस, ब्राजील, भारत, चीन और दक्षिण अफरीका के अलावा, अब इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान, यूएई और सऊदी अरब भी शामिल हैं। रूस की ब्रिक्स अध्यक्षता निष्पक्ष वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करने पर केंद्रित है।

## कमजोर पड़ा चक्रवाती तूफान दाना

● कई जिलों में भारी बारिश का अनुमान, बंगाल में एक की मौत




नयी दिल्ली,(एजेंसी)। चक्रवात दाना के असर से ओडिशा और पश्चिम बंगाल में तेज हवाओं के साथ समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं। तीन राज्यों में इसका असर दिख रहा है और कई जगह भारी बारिश हुई है। ओडिशा और बंगाल में 12.5 लाख से अधिक लोग सुरक्षित स्थान पर पहुंचाए गए हैं। जानिए अपडेट शाम तक गहरे दबाव में बदल जाएगा चक्रवाती तूफान दाना आईएमडी के डीजी डॉ. मृत्युंजय महापात्रा ने चक्रवात दाना पर कहा, श्यह धीरे–धीरे अभी उत्तर पश्चिम दिशा की ओर बढ़ सकता है और आज शाम तक यह कमजोर होते हुए एक गहरे दबाव में बदल जाएगा, लेकिन बारिश जारी रहेगी, भारी से बहुत भारी बारिश अभी हो रही है। ओडिशा के मयूरभंज, भद्रक, बालासोर, केओन्झार में बारिश होगी।श वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बताया, श्हमारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार चक्रवात के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई।श एनडीआरएफ के डीजी बोले– बड़े नुकसान की खबर नहीं मोहसिन शाहिदी ने चक्रवात श्दानाश पर बताया, श्आधी रात से शुरू हुई लैंडफॉल प्रक्रिया सुबह साढ़े आठ बजे खत्म हुई। यह चक्रवाती तूफान में बदल गया है और अगले 6 घंटों में गहरे दबाव में बदल जाएगा। फिलहाल, किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। कुछ जगहों पर पेड़ गिरने और जलभराव की खबरें हैं। फिलहाल ओडिशा और पश्चिम बंगाल में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। जहां तक झारखंड और आंध्र प्रदेश की बात है, वहां इसका कोई खास असर नहीं है। ममता बनर्जी ने अधिकारियों को दिया धन्यवाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चक्रवात श्दानाश पर कहा, श्हम सभी क्ड,ै च, ठक्,ै क्व व आपदा प्रबंधन विभाग का धन्यवाद करते हैं। हम लगातार क्ड से संपर्क में हैं और वे हमें स्थिति से अवगत करा रहे हैं। हमने निचले इलाकों से 2 लाख 16 हजार लोगों को निकाला है। राहत शिविर में सबके खाने–पीने आदि की व्यवस्था की गई है। तूफान के चलते ओडिशा के कई जिलों में बारिश ओडिशा सरकार के विशेष सचिव गंगाधर नायक ने चक्रवात श्दानाश पर कहा, श्चक्रवाती तूफान के तट से टकराने के बाद, बालेश्वर में भारी बारिश हो रही है। सुबह से तेज हवाएं चल रही थी लेकिन अब हवा की गति थोड़ी कम हो गई है। हालांकि बारिश जारी है। प्रशासन ने हालात से निपटने की पूरी तैयारी की है।श चक्रवाती तूफान में किसी के हताहत नहीं होने की खबर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बताया।

## चर्चा के लिए दिल्ली जाकर उठक -बैठक करते हैंः संजय राउत

मुंबई,(एजेंसी)। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को नकली बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में नकली शिवसेना का मालिक बैठा है, इसलिए उन्हें चर्चा के लिए वहां जाना पड़ता है। महाराष्ट्र में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने वाला है। इस चुनाव को लेकर महाविकास अघाड़ी के बीच सीट बंटवारे पर शिवसेना (यूबीटी) संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि सीट बंटवारे पर चर्चा लगभग समाप्त हो चुकी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि गठबंधन में छोटी पार्टियों के साथ भी चर्चा की जाएगी। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री



एकनाथ शिंदे पर भी निशाना साधा। उन्होंने शिंदे की शिवसेना को नकली बताया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शिवसेना चर्चा के लिए दिल्ली जाती है और वहां उठक–बैठक करती है। संजय राउत ने कहा, ष्एकनाश शिंदे के पास जो शिवसेना है, उसकी कमान दिल्ली में अमित शाह के पास है। बालासाहेब टाकरे की जो शिवसेना हमारे पास है, उन्हें कभी भी सीट बंटवारे के लिए दिल्ली जाने की जरूरत नहीं पड़ी। उन दिनों भाजपा नेता सीट बंटवारे पर चर्चा के लिए मुंबई आते थे। लेकिन, दिल्ली में नकली शिवसेना का मालिक बैठा है, इसलिए उन्हें चर्चा के लिए वहां जाना पड़ता है। वे वहां चर्चा के लिए जाते हैं और उठक–बैठक करते हैं। वे असली शिवसेना नहीं हैं। वे एक नॉन बायोलॉजिकल शिवसेना हैं। अमित शाह ने इस नॉन बायोलॉजिकल शिवसेना को जन्म दिया है।ष् महाराष्ट्र में एक ही चरण में होगा।

## तनाव के बाद धारा 163 लागू

● अतिरिक्त पुलिस बल मंगवाया



उत्तरकाशी,(एजेंसी)। उत्तरकाशी शहर में मस्जिद के खिलाफ एक समुदाय के धार्मिक संगठन की जनाक्रोश रैली को हल्के में लेना पुलिस–प्रशासन को भारी पड़ गया। जिले में धारा 163 लागू है। बवाल के दूसरे दिन क्या हैं हालात आइए आपको बताते हैं अपडेट... मस्जिद के विरोध में जनाक्रोश रैली निकालने वाले प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच पथराव और लाठीचार्ज की घटना के बाद बीते गुरुवार रात जनपद में धारा 163 लागू कर दी गई थी। इसे लेकर शुक्रवार आज सुबह पुलिस ने अनाउंसमेंट कर लोगों को इसकी जानकारी दी। शहर में तनाव की स्थिति को देखते हुए अन्य जनपदों से अतिरिक्त पुलिस बल मंगवाया गया है। मामले में अब एक और बड़ा अपडेट सामने आया है। मस्जिद के खिलाफ जनाक्रोश रैली बुलाने वाले एक समुदाय के धार्मिक संगठन ने चार नवंबर को महापंचायत बुलाई है। दीपावली के त्योहार को लेकर फिलहाल कोई आंदोलन नहीं किया जाएगा। चार नवम्बर को ही आगे आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। यह निर्णय विश्वनाथ मंदिर सभागार में बैठक कर लिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि मामले में आठ के खिलाफ नामजद और 200 अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जनाक्रोश रैली बुलाने वाले एक समुदाय के धार्मिक संगठन का कहना है कि यह व्यापारियों की इच्छा है कि वह लाठीचार्ज की घटना के विरोध में अपने प्रतिष्ठान बंद रखें या नहीं। उन्होंने कहा कि वह बाजार बंद कराने के लिए कोई जोर जबरदस्ती नहीं करेंगे। पुलिस नियमों का अनुपालन करने के लिए कर रही अपील दूसरी तरफ घटना के विरोध में व्यापार मंडल के आह्वान पर सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखने का निर्णय लिया गया है। नगर पंचायत में स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठानों सहित दुग्ध डेयरी,सब्जी विक्रेता, और मेडिकल स्टोर भी बन्द हैं। व्यापार मंडल ने अपने ग्रुप में दुकान खोलने वाले व्यापारी के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी प्रसारित की है।

एसओ दीपक कठैत ने हिन्दू जागृति सगठंन के लोगों से सम्पर्क करते हुए नियमों का अनुपालन करने व जुलूस प्रदर्शन न करने की अपील कर रहे हैं। क्योंकि उत्तरकाशी जिले में धारा 163 लगी हुई है।

# ताकतों में मजबूती

बांग्लादेश में राजनीति बंद, विरोध, गरीबी और आतंकवाद से बाहर निकल कर विकास के मुद्दे पर आगे बढ़ रही थी, लेकिन शेख हसीना के सत्ता से हटते ही अब वह सफर थम जाने का अंदेशा है।बांग्लादेश की राजनीति में दूसरा बड़ा चेहरा खालिदा जिया हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की यह नेता अब ताकतवर होंगी। खालिदा को जहां कट्टरपंथी ताकतों का समर्थक माना जाता है वहीं हसीना उदार और भारत समर्थक मानी जाती हैं। बांग्लादेश की राजनीति के केंद्र में भारत समर्थन और भारत विरोध की शक्तियां समानांतर कार्य करती हैं। इस साल बांग्लादेश में आम चुनाव से पहले प्रधानमंत्री हसीना ने सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए कहा था कि अगर उनकी पार्टी चुनाव जीतती है तो भारत के साथ सहयोग जारी रहेगा।

यह भी स्पष्ट भी किया गया था कि भारत के साथ भूमि सीमाओं के सीमांकन और परिक्षेत्रों के आदान–प्रदान की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हो गया है। हसीना के कार्यकाल में बांग्लादेश ने अपने क्षेत्र में उग्रवादियों, अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों और अलगाववादी समूहों की उपस्थिति को रोकने के लिए दृढ़ता दिखाई और इससे भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में शांति की स्थापना में बड़ी मदद मिली।खालिदा की राजनीति भारत के हितों पर चोट करने वाली और पाकिस्तान के ज्यादा करीब नजर आती है। करीब डेढ़ दशक पहले बीएनपी सरकार के दौरान इस्लामिक कट्टरपंथियों को बड़ी मदद मिली। बीएनपी की जमात और इस्लामिक कट्टरपंथियों से पुरानी करीबी है। खालिदा की सहयोगी पार्टी जमात–ए–इस्लामी को देश की सबसे बड़ी इस्लामी राजनीतिक पार्टी माना जाता है। जेआईबी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के गठबंधन का सदस्य रह चुकी है।

1971 में स्वतंत्रता युद्ध में इस दल ने पाकिस्तान का समर्थन किया था। बाद में यह बांग्लादेश के इस्लामीकरण के प्रयास में जुटकर एक सक्रिय दल के रूप में उभरा। जमात–ए–इस्लामी वही संगठन है, जिसने तालिबान द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जा किए जाने के बाद बांग्लादेश बनेगा अफगानिस्तान जैसे नारे गढ़े हैं। यह इस्लाम के कट्टर और रूढ़िवादी रूप को बांग्लादेश में लाना चाहता है। जमात–ए–इस्लामी का सहयोगी संगठन है हुजी। हरकत–उल–जिहाद–अल इस्लामी बांग्लादेश नामक यह आतंकी संगठन कथित तौर पर ओसामा बिन लादेन को अपना आदर्श मानता रहा है। इस संगठन की मांग है कि बांग्लादेश को इस्लामिक स्टेट में बदल दिया जाए।

# आज का राशिफल



डॉ बिपिन पाण्डेय
ज्योतिष विभाग
लखनऊ विवि

मेष–आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा। थकान महसूस होगी। आराम के लिए समय निकालें।

वृष –आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुन –आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल–मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

कर्क –दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म–कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा। अपने प्रेमी या जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह –आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात–निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा। दूसरों की गलती अपने पर आ सकती है। काम में देरी से लाभ की मात्रा सीमित होगी।

कन्या –आज के दिन आपको सुख–समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके कर्मक्षेत्र, आपके सम्मान व आपके नाम पर पडने के आसार हैं।

तुलाःआज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

वृश्चिकः आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफे की उम्मीद कर सकता है।

धनुः आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफी संवेदनशील होंगे। अगर आप सूझ–बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

मकरः आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ्घ्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। अपने जज्बात पर काबू रखें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी।

कुंभः आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता–पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आज दोस्तों के साथ बाहर घूमना आपके मन को खुशी देगा।

मीनः आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

# पानी के लिए महिलाओं को दिन भर खटना

भारत डोगरा

हाल के विकास कार्यक्रमों में हर घर जल की योजना विशेष तौर पर चर्चित रही है, विशेषकर दूर–दूर के गांवों के संदर्भ में। इन गांवों के परिवारों और विशेषकर महिलाओं के समय का एक बड़ा भाग परिवार की पानी की जरूरतों को पूरा करने में ही जाता रहा है।

दिन भर प्रयास करने के बाद भी कई बार पानी जैसी बुनियादी जरूरत की आपूर्ति ठीक से नहीं हो पाती थी और गर्मी के दिनों में तो जैसे जल–संकट का हाहाकार ही मच जाता था।

इस स्थिति में जब भारत सरकार ने हर घर में नल का जल पंहुचाने की समयबद्ध योजना आरंभ की तो स्वाभाविक ही था कि इस योजना से बहुत उम्मीदें जुड़ गई। आज स्थिति यह है कि कहीं इस जल जीवन मिशन की उपलब्धि का उत्साह है तो कहीं अनेक समस्याओं को लेकर चिंता भी है। उपलब्धि और कठिनाइयों के बीच गांव किस स्थिति में है, यह जानने के लिए इन पंक्तियों के लेखक ने हाल में निवाड़ी जिले (मध्य प्रदेश) के अनेक गांवों का दौरा किया।

यह बुंदेलखंड क्षेत्र, विशेषकर गर्मियों के दिनों में, जल–संकट के लिए चर्चा में रहा है। यह सव्रेक्षण भीषण गर्मी के दिनों में किया गया और मौसम सुधरने पर इससे बेहतर स्थिति सामने आएगी। इस क्षेत्र में सुखद स्थिति यह है कि गांव–स्तर की जल समितियों के स्तर पर अनेक गांववासी खुल कर अपनी समस्याओं को उठा रहे हैं। इस क्षेत्र में परमार्थ संस्था ने श्जल सहेलीय महिला कार्यकर्ताओं के माध्यम से जल के मुद्दे पर जागरूकता फैलाई है और ग्राम सभाओं तथा पंचायतों में भी उनके विचारों को अधिक महत्त्व मिलने लगा है। इस तरह पानी के मुद्दे पर जनसक्रियता बढ़ी है और लोगों की समस्याओं के समाधान की संभावना बढ़ी है। जल–जीवन मिशन के अंतर्गत जब पाइपलाइनों को बिछाया गया, नल लगाए गए तो इस जागरूकता के कारण लोग बेहतर ढंग से गलतियों को रोक सके और स्थानीय ज्ञान के आधार पर बेहतर व्यवस्था कर सके।

बहेरा गांव में यह सक्रियता अधिक है और अधिकांश परिवारों के नल लग गए हैं, पानी भी पहुंचने लगा है, फिर भी लगभग 12 प्रतिशत घरों में अभी पानी आना शेष है। ऊंचाई में पानी पंहुचाने में कठिनाई है, और स्कूल में भी। स्कूल के बोर में पानी गर्मी के चरम के दिनों में समाप्त हो गया और पास के एक अन्य कुएं में भी समाप्त हो गया। जिन गांवों में पानी आता है, सुबह आधे घंटे आता है। भीषण गर्मी के कारण यह गर्म होता है और पिया नहीं जाता। अतरू पीने के लिए अनेक परिवार इस समय भी कुएं या हैंडपंप से ही पानी लाते हैं। नामापुरा गांव में अधिकांश घरों में पानी पहुंच रहा है पर ऊंचाई वाली बस्ती में अभी नहीं पहुंचा है। यहां पानी ले जाने के लिए तैयारी चल रही है।

दो परिवारों ने कहा कि उनके नल भी नहीं लगे क्योंकि उनके घर पाइपलाइन की राह से कुछ हट कर हैं। नामापुरा गांव में नल में जो पानी आ रहा है, वह स्वच्छ नहीं है और लोग इसे पीने के लिए उपयोग में नहीं लाते। वे योजना बना रहे हैं कि टंकी संचालक के पास जाकर पता लगाएं कि गंदा पानी क्यों भेजा जा रहा है। इस तरह गांव अभी पहले के स्रेतों पर ही पेयजल के लिए आश्रित हैं पर इसमें एक बड़ी समस्या यह है कि इस पानी को पीने से पथरी की समस्या उत्पन्न हो रही है। गांववासियों ने बताया कि पांच–छह लोगों का पथरी का ऑपरेशन हो चुका है। पथरी से जुड़े दर्द और परेशानी की शिकायतें तो इससे कहीं अधिक लोगों को है और डॉक्टरों



ने बताया है कि पानी के दूषित होने के कारण ऐसा हो रहा है। अब आगे गांव को तैयारी यह करनी है कि कम से कम नई पाइपलाइन का पानी स्वच्छ मिले जिससे वे पेयजल की आवश्यकताएं इससे पूरी कर सकें।

चुरारा गांव में विभिन्न मुहल्लों में स्थिति भिन्न है जहां दलित, आदिवासी और कुशवाहा मोहल्लों में अधिक समस्याएं हैं। कुछ कुशवाहा परिवारों ने नल को उतार दिया है क्योंकि उनके अनुसार जब पानी ही नहीं आ रहा है तो इसे क्यों रखें पर कुछ अन्य मोहल्लों में स्थिति बेहतर है। कुछ लोगों ने कहा कि गर्म पानी पिया नहीं जाता। पहले मटके में रखना पड़ता है। फिर बाद में पी सकते हैं। पानी रोज नहीं आता है।

सेन्री गांव में दो दलित मोहल्लों में अभी पाइपलाइन और नल पहुंचे ही नहीं हैं। अन्य मोहल्लों में जहां नल लग गए हैं, वहां पानी रोज नहीं आता है और जब आता है तो उसका समय निश्चित नहीं होता। आदिवासी (सहरिया) मोहल्ले और साईबाबा मोहल्ले में पानी की अधिक कठिनाई है। कुछ अन्य स्थानों में लोगों को बोर और हैंडपंप से आपूर्ति हो जाती है। अतरू वे पाइपलाइन के पानी के बारे में विशेष चिंतित नहीं हैं। जहां तक परंपरागत कुओं का सवाल है तो वे लगभग बंद हो चुके हैं। एक समय इन कुओं की गांव की पेयजल आपूर्ति में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका थी पर जिस तरह ये निरंतर उपेक्षित होते रहे तो अब इनकी भूमिका जल आपूर्ति में नगण्य हो गई है।इस तरह जहां कुछ स्रेत बढ़ रहे हैं तो कुछ कम भी हो रहे हैं। नामापुरा गांव के लोगों ने बताया कि पहले हरियाली बहुत अधिक थी, पेड़ बहुत अधिक थे। इनके बहुत कम हो जाने से जल संरक्षण पर और गर्मी का प्रकोप बढ़ने पर प्रतिकूल असर पड़ा है। कुछ स्थानों पर जल–स्तर तेजी से नीचे गया है। एक ही गांव जैसे सेन्री में एक मोहल्ले की अपेक्षा दूसरे मुहल्ले में जल–स्तर बहुत नीचे हो सकता है और जहां यह बहुत नीचे है वहां बोर विफल हैं, पानी नहीं दे रहे हैं। अधिक कठिनाई उन गांववासियों की है जहां बोर विफल हैं, जल–स्तर नीचे चला गया है और अभी पाइपलाइन का पानी भी ठीक से नहीं मिल रहा है।इस तरह की अनेक कठिनाइयों के बावजूद कुछ स्थानों पर यह उत्साह है कि कम से कम नल और पाइपलाइन तो आ ही गए हैं और गर्मी का प्रकोप कम होने के बाद स्थिति सुधरेगी तो नल में पानी भी बेहतर और अधिक मिलेगा। इस स्थिति में जिन महिलाओं को दिन भर पानी के लिए खटना पड़ता था, उससे मुक्ति मिलेगी। बहेरा की एक महिला ने कहा कि पहले कभी रिश्तेदारी में जाते थे, उस समय भी यही चिंता लगी रहती थी कि गांव लौट कर पहले पानी लाना है, तभी आराम कर सकेंगे या कुछ और काम कर सकेंगे। अब ऐसी स्थिति से राहत मिलेगी। इस तरह अपने इस आरंभिक दौर में हर घर जल योजना उपलब्धियों और कठिनाइयों के मिले–जुले दौर से गुजर रही हैं। अभी तक जो अनुभव सामने आए हैं, उनका सही आकलन कर उनसे सीखना जरूरी है ताकि भविष्य में जल जीवन मिशन का और सुधरा हुआ रूप लोगों को और भी राहत देने में सफल हो सके।

# पलोभन देकर आतंकी बनाकर घुसपैठ

प्रमोद भार्गव

पाकिस्तान ने एक बार फिर कश्मीर में आतंकवादी हमले तेज कर दिए हैं। धारा 370 के खात्मे के बाद घाटी के हालात में जबरदस्त सुधार देखते हुए पाकिस्तान ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है।

स्थानीय स्तर पर घाटी के मुस्लिम युवाओं ने आतंक की राह छोड़कर जब करियर बनाने की दिशा में पहल कर दी तो पाक की भारतीय सीमा में युवाओं को लालच देकर आतंकी बनाने की मंशा पर विराम लग गया।

अतएव अब उसने अपने ही पूर्व सैनिकों को पलोभन देकर आतंकी बनाकर घुसपैठ करानी शुरू कर दी। नतीजतन भारतीय जमीन पर एक बार फिर से आतंकी घटनाओं का सिलसिला तेज हो गया। जम्मू–कश्मीर के डोडा जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक सेना के कप्तान समेत पांच जवान शहीद हो गए। सुरक्षाबल निरंतर आतंकियों को मार गिरा रहा है। बावजूद घुसपैठ का सिलसिला बना हुआ है, जो देश और सेना के लिए चिंता का सबब है। सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक घाटी में करीब डेढ़ माह से जारी आतंकी हमलों में पाकिस्तानी सेना के पूर्व सैनिकों की लिप्ता के पुख्ता प्रमाण मिले हैं। एजेंसियां इसका यह भी मानकर चल रही हैं कि घाटी में भारी मतदान के बाद पाकिस्तान हताशा के दौर से गुजर रहा है।उसे आशंका है कि कहीं विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू–कश्मीर प्रांत में लोकतंत्र की बहाली न हो जाए? इसलिए वह घाटी में हमलों के जरिए माहौल खराब करके दहशत का वातावरण रचने में लगा है। अलगाववादी सुर का आलाप करने वाले मुफ्ती और अब्दुल्ला परिवार को मतदाता ने हराकर यह साबित कर दिया कि घाटी के हालात बदतर करने में इन परिवारों की भूमिका अहम रही है। इससे पाक ने शायद अंदाजा लगाया है कि विधानसभा चुनाव के बाद घाटी में जो प्रजातांत्रिक सरकार बनेगी, वह पाक की मंशा के अनुरूप चलने वाली नहीं है। इसलिए माहौल खराब करके चुनाव को टला जाए।इस बीच पाकिस्तान की फंडिंग से घाटी की तरह जम्मू क्षेत्र में आतंकियों की मदद करने वाले ओवर ग्राउंड कार्यकर्ताओं का एक नेटवर्क भी तैयार किया है। इसे सेना ध्वस्त करने में लगी है। डोडा किश्तवार, पुंछ, राजौरी, रियासी और कठुआ के कठिन भौगोलिक इलाकों में पिछले दो दषक में जैश–ए–मोहम्मद और लश्करे तैयबा ने ओवर ग्राउंड वार्कर नेटवर्क खड़ा किया था। यह अंततरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा से आने वाले आतंकियों को घाटी के सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का काम करता था। घाटी में रहने वाले ये वार्कर घने वनों और दुर्गम इलाकों में छोटे–छोटे घर बनाकर रह रहे हैं।रियासी जिले में हिंदू भक्तों की बस पर गोली चलाने वाले आतंकियों को इन्हीं ओवर ग्राउंड वर्कर ने मदद की थी। भारतीय सेना के अनुसार ओवर ग्राउंड वार्का वे लोग होते हैं, जो उग्रवादी या आतंकवादियों को रसद, नकदी, आश्रय और अन्य रहने लायक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं।

सेना इस नेटवर्क को नष्ट कर रही है। पाक सेना कितनी दगाबाज है, इसका खुलासा पाक के पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल एवं पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के पूर्व अधिकारी शाहिद अजीज ने श्द नेशनल डेलीय में किया था।इसमें कहा गया था कि कारगिल युद्ध में पाक आतंकवादी नहीं, बल्कि उनकी वर्दी में पाकिस्तानी सेना के नियमित सैनिक ही लड़ रहे थे और इस लड़ाई का लक्ष्य सियाचिन पर कब्जा करना था। चूंकि यह लड़ाई बिना किसी योजना और अंतरराष्ट्रीय हालात का अंदाजा लगाए बिना लड़ी गई थी, इसलिए तत्कालीन सेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ ने पूरे मामले को रफा–दफा कर दिया था। इससे यह तथ्य तो प्रमाणित होता है कि पाकिस्तानी फौज इस्लामाबाद के पूरे नियंत्रण में नहीं है। आतंकी सरगना हाफिज सईद भारत–पाक सीमा पर खुलेआम घूम रहा है। जैश, लश्कर और हिजबुल के आतंकी दहशतगर्दी फैलाने में शरीक हैं।यपाकिस्तान पूर्व सैनिकों को आतंकी बना रहा है। इसका सत्यापन इस तथ्य से भी होता है कि हाल ही में मारे में जिन आतंकियों से खतरनाक हथियार बरामद हुए हैं, उनका संचालन आसानी से सेना से प्रशिक्षित व्यक्ति ही कर सकता है। इन हथियारों में एम–4 कार्बाइन, 509 टैक्टिगल गन और एम–1911 और स्टेयर एयूजी रायफल बरामद हुई हैं। आतंकियों के पास से अल्ट्रा और माइक्रो रेडियो सेट भी बरामद हुए हैं। इनके नेटवर्क में सेंध लगाना आसान नहीं है। ये उपकरण भी अमेरिका द्वारा निर्मित हैं।अफगानिस्तान में नाटो सेनाओं ने इन हथियारों का इस्तेमाल किया था। अतएव ऐसी आशंका है कि अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना द्वारा छोड़े गए हथियार अब जम्मू–कश्मीर में सक्रिय आतंकियों तक पहुंच रहे हैं। यदि यह तथ्य एक ठोस सच्चाई है तो कश्मीर में आतंकी हिंसा का दुश्चक्र बढ़ता दिखाई दे सकता है? दरअसल, ये हथियार पाकिस्तान के जरिए भी आतंकियों को मिल सकते है और सीधे अफगानिस्तान से भी लाए जा सकते हैं। भारतीय एजेंसियों को ऐसी सूचनाएं भी मिली हैं, कि इन्हें तालिबान सीधे आतंकियों को आर्थिक बदहाली दूर करने के लिए बेच भी रहा है। पिछले चार वर्ष से आतंकियों के पास स्टेयर एयूजी रायफल होने के सूचनाएं मिल रही थीं।

# आरक्षण भारतीय राजनीति की धुरी

डॉ. आशुतोष कुमार

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जब भारतीय संविधान में आरक्षण के प्रावधान को शामिल किया था, तब उन्होंने सोचा भी नहीं होगा कि आरक्षण एक समय भारतीय राजनीति की धुरी बनकर राजनेताओं के लिए एक ऐसा अमोघ मंत्र बन जाएगा, जिसका इस्तेमाल किसी के कल्याण के लिए कम और किसी को परास्त करने के लिए ज्यादा किया जाएगा।

आज आरक्षण के पीछे किसी पिछड़े या वंचित समाज के कल्याण की भावना कम और राजनीतिक स्वार्थ अधिक दिखती है। सही मायने में आज आरक्षण राजनीति का झुनझुना बन गया है, जिसे चुनाव जैसे विशेष मौकों पर जनता को रिझाने के लिए बजाया जाता है।

बहरहाल, आरक्षण एक बार फिर चर्चा में है। आरक्षण को लेकर चर्चा के केंद्र बिंदु में है कर्नाटक। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने निजी क्षेत्र की नौकरियों में कन्नड़ लोगों के लिए 100 प्रतिशत आरक्षण को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्एक्सय पर पहले एक पोस्ट की थी, जिसे बाद में उन्होंने हटा लिया था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट किया था, जिसमें कहा गया है कि कैबिनेट ने कर्नाटक में निजी उद्योगों और अन्य संगठनों में प्रशासनिक पदों के लिए 50 प्रतिशत और गैर–प्रशासनिक पदों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण तय करने वाले विधेयक को मंजूरी दी।

सिद्धारमैया ने पोस्ट में कहा था, श्हमारी सरकार की इच्छा है कि कन्नड़ लोगों को अपनी जमीन पर आरामदायक जीवन जीने का अवसर दिया जाए हम कन्नड़ समर्थक सरकार हैं। हमारी प्राथमिकता कन्नड़ लोगों के कल्याण का ध्यान रखना है। उन्हें कन्नड़ भूमि में नौकरियों से वंचित होने से बचाया जाए। हम कन्नड़ समर्थक सरकार हैं। हमारी प्राथमिकता कन्नडिगास के कल्याण की देखभाल करना है। जब उनके इस पोस्ट पर इस पर हर तरफ छीछालेदर होने लगा। विरोध में प्रतिक्रियाएं आने लगीं, तो दो दिन बाद उन्होंने सोशल मीडिया श्एक्सय प्लेटफॉर्म पर से पिछली पोस्ट हो हटाकर उसमें बदलाव कर दिया। कर्नाटक सरकार ने फिलहाल इस पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही कहा जा रहा है कि कर्नाटक सरकार इस बिल पर पुनर्विचार करेगी, लेकिन यहां मौजू सवाल यह है कि आखिर इसकी जरूरत ही क्यों पड़ी। इसके पीछे सरकार की मंशा क्या है?

कहीं आरक्षण की आड़ में देश के संघीय ढांचे को ध्वस्त करने की कोशिश तो नहीं की जा रही? अगर नहीं, तो अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए देश की एकजुटता और अखंडता पर प्रहार क्यों किया जा रहा है। आमतौर पर इस तरह की कोशिश क्षेत्रीय दल की सरकार में की जाती है, क्योंकि क्षेत्रीय दल अपने को उस राज्य के प्रति ज्यादा उत्तरदायी समझते हैं, जहां उनकी सरकार होती है। हालांकि इस तरह की सोच भी देश के संघीय ढांचे के लिए खतरनाक है। फिलवक्त कर्नाटक में तो कांग्रेस की सरकार है, फिर सिद्धारमैया सरकार ने ऐसी संकीर्ण मानसिकता क्यों दिखाई। जाहिर तौर पर इससे राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ेगा, लेकिन यहां चिंता का विषय कांग्रेस का नुकसान नहीं, अपितु राष्ट्र का और देश के संघीय ढांचे के नुकसान को लेकर है।

अगर सभी राज्य सरकारें अपनी मर्जी की मालिक हो जाएंगी, तब तो




देश का स्वरूप ही बिखर जाएगा। देश है, देश का एक स्वरूप है, उसकी अस्मिता है, तभी आरक्षण है। यह कहना गलत न होगा कि भारत में आरक्षण की व्यवस्था सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को समृद्ध बनाने के लिए हुई थी, मगर समय के साथ आरक्षण वोट बैंक की राजनीति का शिकार बनती चली गई और अब तो स्थिति इतनी बिगड़ गई है कि आरक्षण की आंच देश की संघीय व्यवस्था पर भी आने लगी है। किसी राज्य में आरक्षण का दायरा बढ़ाने के लिए देश के स्वरूप और उसके संघीय ढांचे को ध्वस्त नहीं किया जा सकता। यह सहज ही समझा जा सकता है कि जब सभी राज्य सिर्फ अपने प्रदेश के लोगों को नौकरी देने लगेंगे। वहां के प्राइवेट सेक्टर में सिर्फ उसी राज्य के लोगों को रखा जाने लगेगा, तब भारत एक संघ रह जाएगा क्या? इसलिए राजनीतिक दलों और राज्य की सरकारों को यह जरूर सोचना होगा कि वे अपने प्रदेश के विकास की बात जरूर सोचें, प्रयास जरूर करें कि प्रदेश के लोगों को अपने ही राज्य में रोजी–रोजगार मिले, किंतु इसका भी ख्याल रखें कि देश की समावेशी संस्कृति को नुकसान न पहुंचे।

## क्या कहता है भारतीय संविधान

भारतीय संविधान के भाग तीन में समानता के अधिकार की भावना निहित है। इसके अंतर्गत अनुच्छेद 15 में प्रावधान है कि किसी व्यक्ति के साथ जाति, प्रजाति, लिंग, धर्म या जन्म के स्थान पर भेदभाव नहीं किया जाएगा। अनुच्छेद 15(4) के मुताबिक यदि राज्य को लगता है तो वह सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के लिए विशेष प्रावधान कर सकता है। वहीं, अनुच्छेद 16 में अवसरों की समानता की बात कही गई है। अनुच्छेद 16(4) के मुताबिक यदि राज्य को लगता है कि सरकारी सेवाओं में पिछड़े वगरे को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है तो वह उनके लिए पदों को आरक्षित कर सकता है। वहीं, अनुच्छेद 16(4 ए) के अनुसार, राज्य सरकारें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पक्ष में पदोन्नति के मामलों में आरक्षण के लिए कोई भी प्रावधान कर सकती हैं, यदि राज्य की राय में राज्य के अधीन सेवाओं में उनका पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है, लेकिन इन सबके पीछे संविधान ऐसा कुछ करने की इजाजत नहीं देता जिससे देश की अस्मिता, एकता और अखंडता पर खतरा उत्पन्न हो।

## आरक्षण की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

सबसे पहले विलियम हंटर और ज्योतिराव फुले ने 1882 में मूलतरू जाति–आधारित आरक्षण पण्राली का विचार प्रस्तुत किया था। आज जो आरक्षण पण्राली लागू है, वह सही मायने में 1933 में लागू की गई थी, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड ने श्कम्युनल अवार्डय प्रस्तुत किया था। इस निर्णय में मुसलमानों, सिखों, भारतीय ईसाइयों, एंग्लो–इंडियन, यूरोपीय लोगों और दलितों के लिए पृथक निर्वाचिका का प्रावधान किया गया । लंबी चर्चा के बाद महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर ने श्पूना पैक्टय पर हस्ताक्षर किए, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि एक ही हिन्दू निर्वाचन क्षेत्र होगा, जिसमें कुछ आरक्षण होंगे।






**The Chief Guest, Mr. Siddharth Nath Singh, Hon'ble Member of Legislative Assembly, Uttar Pradesh addressing the students at the closing ceremony and prize distribution of Alfresco 2024 at Boys' High School and College. Joint winners of Alfresco Championship Trophy with the Chief Guest and the BHS Principal, Mr. D. A. Luke.**

### प्रयागराज में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, केस दर्ज

## इंटर कॉलेज में नौकरी के नाम पर लिए 2.50 लाख रुपये, वापस मांगने पर मिली धमकी

प्रयागराज। प्रयागराज में नौकरी दिलाने के नाम पर 2.50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। गंगापार के सैदाबाद थाना क्षेत्र के दुसौनी गांव के रहने वाले शिवकुमार के पिता विश्वनाथ राजकीय मुद्रणालय में नौकरी करते है। विश्वनाथ के साथ ही संतोष कुमार भी वहीं नौकरी करते हैं। विश्वनाथ अपने बेटे को नौकरी लगवाना चाहते थे। संतोष के माध्यम से विश्वनाथ की मुलाकात मो. अकरम निवासी गुलाब बाड़ी खुल्दाबाद के साथ हुई। अकरम ने विश्वनाथ से कहा कि उनके बेटे को एक इंटर कॉलेज में नौकरी लगवा देगा। कहा कि प्रबंध समिति के प्रबंधक से सेटिंग हो गई है। उसने कहा कि नौकरी दिलाने के ढाई लाख रुपये लेगा। विश्वनाथ ने बेटे शिवकुमार की नौकरी लगवाने के लिए अकरम को 2.50 लाख रुपये और शैक्षिक दस्तावेज सौंप दिए। इतना ही नहीं उसने 50 रुपये के शपथपत्र पर हस्ताक्षर बनाकर पीड़ित को दिया कि नौकरी नहीं मिले तो इसके आधार पर कार्रवाई करा देना। रकम देने के बाद भी नौकरी नहीं लगी। इसके बाद उसे धमकी दी जाने लगी। इस पर शिवकुमार ने सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया।

## MP-MLA के 20 साल पुराने आपराधिक केसों को जल्द निपटाएंः हाईकोर्ट ने विशेष अदालतों से मांगा केसों की स्टेटस रिपोर्ट, यूपी के कई जिलों में चल रहे केस

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश की सभी एमपी–एमएए विशेष अदालतों के पीठासीन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि 20 साल से अधिक पुराने आपराधिक केसों के शीघ्र निस्तारण का प्रयास करें और स्टेटस रिपोर्ट पेश करें। याचिका की अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति एम के गुप्ता तथा न्यायमूर्ति समित गोपाल की खंडपीठ ने स्वतरूकायम जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए दिया। कोर्ट ने प्राप्त स्टेटस रिपोर्ट की 20 व 30 साल पुराने आपराधिक केसों की सूची अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल व शासकीय अधिवक्ता ए के सण्ड को सौंपने का भी आदेश दिया है। कोर्ट ने अंबेडकर नगर, फैजाबाद अयोध्या, गाजीपुर लखनऊ व सोनभद्र में सांसदों व विधायकों के खिलाफ 30 साल से विचाराधीन केसों का हवाला दिया। गाजीपुर में बाहुबली बृजेश सिंह का केस बहुत पुराना है। जिसे लखनऊ स्थानांतरित किया गया है।

### ऑनलाइन गेम खेलने से रोकने पर बेटे ने किया सुसाइड

## छत की ग्रिल से लटकी मिली लाश, सूचना पर पहुंची पुलिस

प्रयागराज। प्रयागराज में मोबाइल पर पबजी गेम खेलने से रोकने पर बेटे ने सुसाइड कर कर लिया। घटना करेलाबाग की है। वहीं सूचना पर मोहल्ले वाले भी पहुंच गए।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः 24/71 दिनांकः 23.10.2024

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज (आई.एस.ओ. 9001: 2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 38243204बी | एआर अप्रुड कार्टिज टैपर्ड रोलर बियरिंग्स क्लास 'के' | 300 नग | 11.11.2024 |
| 2 | 38242955 | बॉडी साईड स्टैंक्शन फॉर बॉक्सएनएचएल वैगन | 3850 नग | 11.11.2024 |
| 3 | 38241508 | टॉप साईड बियरर लाईनर | 8092 नग | 14.11.2024 |
| 4 | 40241046B | इंप्रेगनेशन वार्निश कम्पोनेंट | 1857 कि.ग्रा. | 08.11.2024 |
| 5 | 40243391 | इलेक्ट्रॉनिक रेक्टिफायर कम रेगुलेटिंग यूनिट | 50 नग | 15.11.2024 |
| 6 | 40243188A (e-RA) | सेट ऑफ 120 ए एच वी आर एल ए बैटरीज | 412 सेट | 19.11.2024 |
| 7 | 40241606 | लो मैंटेनेंस स्टेशनरी लीड एसिड बैटरी सेट्स | 27 सेट | 26.11.2024 |
| 8 | 64245271 | टेनसनिंग चेन | 10 नग | 18.11.2024 |
| 9 | 6324RC05 | रिस ईज टेन्डर टू इन्टर इन्टू रेट कॉन्ट्रेक्ट फोर मैनुफैक्चरिंग एण्ड सप्लाई ऑफ 06एमएम थिक नायलॉन कोर्ड जीआरएसपीएस एज पर आरडीएसओ डीआरजी नं0 टी-4218, टी-6155 एण्ड ओ-6280 | 1611 सेट | 18.11.2024 |

नोटः उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव / शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र / परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। 1857/24 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


## कांग्रेसी नेता बागी, राहुल–प्रियंका के पोस्टर लेकर निकाला जुलूसः फूलपुर सीट पर कांग्रेसी जिलाध्यक्ष ने नामांकन कराने के बाद दिखाई ताकत, विवाद बढ़ा

प्रयागराज। प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा सीट पर सपा की मुश्किल बढ़ रही हैं। सपा–कांग्रेस ने तो गठबंधन का ऐलान कर सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को खड़ा करने का रास्ता साफ कर दिया। लेकिन प्रयागराज में कांग्रेस के गंगापार जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र यादव ने बागी तेवर अपनाते हुए पहले तो निर्दल उम्मीदवार के रूप में खामोशी से नामांकन कर दिया। गुरुवार को नामांकन के बाद शुक्रवार को कांग्रेसी नेता सुरेश यादव ने अपनी ताकत दिखाने की कोशिश की। गंगापार जिलाध्यक्ष ने लक्ष्मी टाकीज चौराहे से गाजे–बाजे के साथ कचहरी तक जुलूस निकाला। जुलूस भी निर्दल प्रत्याशी के रूप में नहीं बल्कि यह दिखाने की कोशिश किया कि कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। भीड़ के हाथों में राहुल, प्रियंका गांधी के पोस्टर, बैनर नजर आए। फूल माला पहने सुरेश यादव कचहरी तक पैदल जुलूस लेकर



पहुंचे। उन्होंने नामांकन की प्रक्रिया पूरी की। सुरेश यादव का कहना है कि वह फूलपुर की माटी के लाल हैं और कमाल कर दिखाएंगे। जुलूस में शामिल लोगों ने जमकर नारेबाजी की। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए। हालांकि उनके जुलूस में कांग्रेस नेता शामिल नहीं हुए। अब यह मामला प्रदेश के नेताओं तक पहुंच रहा है। प्रयागराज की फूलपुर सीट पर 13 नवंबर को मतदान होना है। आज यानी 25 अक्टूबर नामांकन की अंतिम तारीख है। BJP के प्रत्याशी दीपक पटेल आज नामांकन करेंगे। नामांकन में शामिल होने के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राकेश सचान, दयाशंकर मिश्र दयालु समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। ठश्रच के जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि 25 अक्टूबर को सुबह 11 बजे नामांकन की तैयारी है। कल गुरुवार तक उपचुनाव के लिए कुल 14 लोगों ने नामांकन कर लिया है। इसमें सपा प्रत्याशी मुजतबा सिद्दीकी, बसपा प्रत्याशी जितेंद्र कुमार सिंह समेत अन्य लोग शामिल हैं। वहीं बुधवार को कांग्रेस के गंगापार जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र यादव ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन कर दिया। ऐसे में सवाल उठने लगा है कि क्या वह पार्टी से बगावत कर रहे हैं।

## वंदे भारत ट्रेन में बच्चों संग सफर करते मंत्री नंदीः लखनऊ पहुंचकर स्लम एरिया के बच्चों को देंगे दिवाली का गिफ्ट



प्रयागराज। प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बस्तियों और झुग्गी–झोपड़ी में रहने वाले 800 से अधिक बच्चे परिवार के साथ दो रात और तीन दिन के लिए कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के मेहमान होंगे। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने स्लम एरिया में रहने वाले बच्चों की दीपावली खास बनाने के लिए विशेष तैयारी की है। चौक, मुट्ठीगंज, मीरापुर, कीडगंज और नैनी के विभिन्न दलित बस्तियों और झुग्गी–झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में घूमने और शॉपिंग करने की व्यवस्था की है। शुक्रवार को मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और पूर्व मेयर अभिलाषा गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों की टोली को लखनऊ के लिए रवाना किया। इसमें 380 बच्चे और उनके अभिभावक शामिल हैं। दीपावली महोत्सव की विशेष तैयारियों में शामिल होने वाले बच्चों में शामिल 410 बच्चे शुक्रवार दोपहर में वंदेभारत से तीन बजे रवाना होगें। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। हर घर रोशनी, हर घर दीपावली अभियान के तहत हर साल प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र की दलित बस्तियों और झुग्गी–झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को खरीददारी कराकर और उनके घरों में खुशियां बांट कर दीपावली का त्योहार मनाने वाले कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी इस बार भी बच्चों के साथ दीपावली का त्योहार मनाएंगे। इन 380 बच्चों के अलावा 410 बच्चे आज दोपहर में वंदे भारत एक्सप्रेस से मंत्री नन्दी के साथ लखनऊ के लिए रवाना हो गए। सफर के दौरान मंत्री नन्दी ने कहा कि झुग्गी–झोपड़ियों और दलित बस्तियों में रहने वाले बच्चों के चेहरे की खुशी और उनका आनन्द ही हमारी संतुष्टी और पूंजी है। मंत्री नन्दी कल लखनऊ के आनन्दी वाटर पार्क में बच्चों को पिकनिक का आनन्द दिलाएंगे। साथ ही 26 अक्टूबर को लूलू मॉल में दीपावली की खरीददारी भी करेंगे।

## एसिड अटैक पीड़िता ने मांगा-1 करोड़ मुआवजा

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एसिड अटैक पीड़िता को जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी हापुड़ के समक्ष एक माह में अपना मांगपत्र पेश करने को कहा है। कोर्ट ने अधिकारी को एसिड अटैक पीड़िता को सुनकर तीन माह में सुप्रीम कोर्ट के परिवर्तन केंद्र केस के फैसले व नियमानुसार आदेश पारित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा है कि आदेश की प्रति याची को पंजीकृत डाक से भेजी जाए। याचिका एसिड अटैक पीड़िता के पिता ने की है। जिसे सरकार ने बतौर मुआवजा पांच लाख दिया है किन्तु याची ने बढ़ाकर मुआवजा एक करोड़ करने, सरकारी नौकरी देने, मासिक पेंशन देने, शारीरिक व मानसिक मुफ्त इलाज कराने, आय का नियमित श्रोत बनाने, जैसी मांग रखी है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ तथा न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने हापुड़ के असलम की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया। विधिक सेवा समिति की तरफ से अधिवक्ता आशुतोष गुप्ता ने कहा कि समिति के बजाय याची को सक्षम अधिकारी से मांग करनी चाहिए वह नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। जिस पर कोर्ट ने यह आदेश दिया है। मामले के अनुसार याची की बेटी की इस समय उम्र 35 वर्ष है, किन्तु जब वह 27 वर्ष की थी तो तीन अज्ञात लोगों ने उस पर एसिड अटैक किया। जिससे उसने विजन खो दिया और चेहरा विद्रूप हो गया। वह शारीरिक मानसिक आघात झेल रही है। सौ फीसदी विकलांग प्रमाण पत्र दिया गया है। याची ने अपनी बेटी के इलाज व मासिक खर्च की आय के लिए सहायता व मुआवजा बढ़ाने की मांग में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## डिप्टी सीएम केशव बोले : टूट चुका है सपा और कांग्रेस का गठबंधन, फूलपुर में खिलेगा कमल

प्रयागराज। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा और कांग्रेस का गठबंधन टूट चुका है। सपा या कांग्रेस के साथ जो भी जाता है वह डूब जाता है। सपा के दावों की दवाई हो चुकी है। फूलपुर में फिर से कमल खिलने जा रहा है। भाजपा ने 2014, 2017, 2019, 2022 और 2024 का चुनाव जीता है। अब फूलपुर में भी जीत दर्ज करने जा रही है। फूलपुर विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल के नामांकन दाखिले में शामिल होने पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने शुक्रवार को मीडियाकर्मियो से बातचीत में यह बाते कहीं। उनहोंने कहा कि इतन कम समय में भाजपा प्रत्याशी के जुलूस में उमड़ा जनसैलाब यह साबित करता है कि भाजपा की जीत यहां सुनिश्चित है। कहा कि इसका उदाहरण हरियाणा का चुनाव है जहां पर तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव में भी भाजपा जीत दर्ज करने जा रही है।

## शिक्षा सेवा चयन आयोग का पहला रिजल्ट जारी प्रोफेसर के 13 पदों पर चयनित हुए अभ्यर्थी, 2022 में हुए थे एग्जाम

प्रयागराज। प्रयागराज स्थित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के विज्ञापित असिस्टेंट प्रोफेसर (रसायन विज्ञान) के शेष रह गए 13 पदों का चयन परिणाम जारी कर दिया। गुरुवार को शिक्षा सेवा चयन आयोग की अध्यक्ष प्रो. कीर्ति पाण्डेय, सदस्यों तथा सचिव मनोज कुमार व अन्य अधिकारियों के अनुमोदन से चयन परिणाम जारी किया गया। सचिव की ओर से जारी परिणाम में बताया गया है कि असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन विज्ञान विषय में 159 पदों के लिए विज्ञापन संख्या–50 के तहत आवेदन लिए गए थे। इसके लिए 25 मार्च से 6 अप्रैल 2022 के बीच इंटरव्यू भी कराए गए थे। इसमें 528 के सापेक्ष 501 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। मामले में हाईकोर्ट से पारित आदेश के अनुपालन में विज्ञापित 13 पदों के चयन परिणाम को छोड़कर शेष पदों का अंतिम चयन परिणाम मई 2022 में घोषित कर दिया गया था। सचिव मनोज कुमार की ओर से अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि इसमें औपबंधिक रूप से चयनित अभ्यर्थियों को वांछित अभिलेख 21 दिन के अंदर एलनगंज स्थित चयन आयोग कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा। तय समय में अभिलेख उपलब्ध न कराने वालों का चयन स्वतरू निरस्त मान लिया जाएगा। दरअसल, अगस्त–2024 के शासनादेश के अनुसार– उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग और माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड का विलय उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग में किया गया। इसी के साथ दोनों संस्थानों के लंबित मामले, देनदारियां भी स्थनांतरित की गईं।

## फैशन शो और नृत्य से छाताओं ने मोहा

प्रयागराज। प्रयाग महिला विद्यापीठ डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति फेज –5 के अंतर्गत गुरुवार को फैशन शो तथा देश के अलग–अलग राज्यों की भाषा एवं वेशभूषा में अपना परिचय देते हुए छात्राओं ने नृत्य किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. संध्या त्रिपाठी ने छात्राओं के प्रदर्शन को तीन बिंदुओं–संस्कृति, पहनावा और वैशिष्ट्य को उजागर करने वाले पक्ष की सराहना करते हुए अपने देश की विविधता और जीवंतता को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उक्त प्रतियोगिता में एकल नृत्य में प्रथम स्थान कुमारी सृष्टि पांडे (बिहार) एवं वैष्णवी चौहान (हरियाणा) ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान –नम्रता सिंह (महाराष्ट्र) तथा तृतीय स्थान रितुल (राजस्थान) ने प्राप्त किया। सामूहिक नृत्य में –प्रथम स्थान –वैष्णवी त्रिपाठी एवं पूजा मौर्य (बिहार) ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान– पवित्रा श्रीवास्तव तथा खुशी तिवारी (कश्मीर) ने व तृतीय स्थान वंशिका कटारिया एवं खुशी गिरी (महाराष्ट्र) ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. प्रमिति चौधरी एवं प्रो. दीप्ति शुक्ला ने किया।


सम्पादक
**सिद्धनाथ द्विवेदी**
प्रबन्धक निदेशक
**दीपक जयसवाल**
सम्पादकीय कार्यालय
11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सिद्धनाथ द्विवेदी द्वारा काम्पीटेंट बिजनेस सर्विसेज विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 399 कृष्णानगर कीडगंज से प्रकाशित।
सम्पादक–सिद्धनाथ द्विवेदी, आरएनआई नं. UPHIN/2007/22706 रजि.नं. AD-32/2008-09 ईमेलः amritkt.alld@gmail.com फोन नं. : 9453273951, 8799627062